
# 'UPITEX से मिलेगी यूपी को रफ्तार'



**■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य को प्राप्त करने में एमएसएमई का बहुत बड़ा योगदान होगा। 2018 में यूपी से शुरू हुई ओडीओपी योजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश की योजना बना दिया है। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो (UPITEX 2026) केवल एक प्रदर्शनी नहीं है बल्कि यहां एक्जीबिटर्स को एक मंच प्रदान करने का प्रयास है। इस तरह के कार्यक्रमों से उत्तर प्रदेश में निवेश का माहौल बना है। इसके अलावा यूपी दिवस के अवसर पर ओडीओपी की तर्ज पर ही ओडीओसी यानी वन डिस्ट्रिक्ट वन क्यूजीन की भी घोषणा की जाएगी, जिससे विभिन्न जिलों के विकास को रफ्तार मिलेगी। यह बातें शुक्रवार को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) मंत्री राकेश सचान ने कहीं। वो इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित यूपीटेक्स के लिए चौथे संस्करण का उद्घाटन कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, यूनियन बैंक के महाप्रबंधक लखनऊ जोन राजेश कुमार, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक पंकज कुमार, बीएनआई के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर संजय तिवारी, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आरके मित्तल, पीएचडीसीसीआई के डीएसजी डॉ. जतिंदर सिंह और यूपी स्टेट चैप्टर के को-चेयर राजेश निगम आदि मौजूद रहे।

यूपी आइटेक्स का आयोजन उत्तर प्रदेश स्टेट चैप्टर, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रॉडक्ट' (ओडीओपी) और इंवेस्ट यूपी के सहयोग से किया जा रहा है।